राजकीय पोलिटेकनिक पश्चिमी चम्पारण- 845439

वाहन भाड़ा पर लेने हेतु

निविदा सूचना संख्या–02/2024–25

बिहार–सरकार, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभागान्तर्गत स्थापित राजकीय पोलिटेकनिक पश्चिमी चम्पारण में विभागीय निदेशानुसार निबंधित वाह्य एजेन्सियों (Out Soureing) से (AC) स्कौरपियो/इनोवा वाहन जो अच्छे स्थिति में होनी चाहीए, नये वाहन को प्राथमिक्ता दी जायेगी, भाड़ें पर लिए जाने हेतु प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक पश्चिमी चम्पारण Travel Agencies/वाहन मालिकों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित करते है। इसके लिए निविदा–02(दो) अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों (A और B) जिसके लिफाफा ''A'' में तकनीकी निविदा एवं लिफाफा ''B'' में वित्तिय निविदा रहेगी दोनों मुहरबंद लिफाफों को एक बड़ा लिफाफा में रखते हुए मुहरबंद करना होगा। इस प्रकार दी गई निविदा ही स्वीकार/अनुमान्य होगा। प्रथमतः तकनीकी निविदा का लिफाफा ''A'' खोलने के पश्चात् संगत निविदा शर्तो के तहत जिसकी तकनीकी निविदा स्वीकार/अनुमान्य होगी उनका ही वित्तिय निविदा खोला जाएगा। तकनीकी निविदा के साथ निबंधन प्रमाण पत्र, आयकर प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, प्रदूशण मुक्त प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, रूपये 10000/–(दस हजार) का स्क्यूरिटिमनी, बैक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक पश्चिमी चम्पारण के पदनाम से बेतिया में भुगतेय होगा। सभी प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति जिसे तकनिकी निविदा के लिफाफा ''A'' मे रखना होगा। Travel Agencies या वाहन मालिकों को निविदा के साथ दिये गए कागजातों से सम्बंधित एक स्वहस्ताक्षरित चेक लिस्ट तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना होगा। वाहन मालिकों के लिए निबंधन प्रमाण पत्र की आवश्यकता नही है। अतएव बिहार राज्य के अंतर्गत किसी भी जिले में वर्श 2024 के बाद व्यवसायिक कार्य हेतु निबंधित एवं बीमित वाहन को भाड़े पर देने हेतु इच्छुक Travel Agencies/वाहन मालिकों से निम्नांकित शर्तों पर द्विनिविदा प्रणाली के अन्तर्गत मुहरबंद निविदा दिनांक–15/09/2024 के 5:00 बजे संध्या तक प्राचार्य राजकीय पोलिटेकनिक पश्चिमी चम्पारण पिन कोड–845439 के पते पर हस्तगत/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट अथवा कोरियर द्वारा पहुँचाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए किसी भी निविदा को अस्वीकृत/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है जिसके लिए किसी प्रकार का दावा नहीं किया जा सकता है। निविदा पुस्तिका रूपये–1000/–(एक हजार) नगद/ प्राचार्य राजकीय पोलिटेकनिक पश्चिमी चम्पारण के पदनाम से बेतिया निर्गत बैंक ड्रॉफ्ट के माध्यम से कार्यालय अवधि में राजकीय पोलिटेकनिक पश्चिमी चम्पारण से प्राप्त किया जा सकता है।

(A) तकनीकीः–

1. वाहन व्यवसायिक रूप से निबंधित होने का कागजात।
2. वहन का अद्यतन बीमित होने का कागजात।
3. प्रदुषण मुक्त रहने का कागजात।
4. अद्यतन टैक्स जमा करने का कागजात जैसे GST एवं रोड़ टैक्स इत्यादि
5. वाहन फिटनेस प्रमाण–पत्र एवं परमिट।
6. रूपये 10000/–(दस हजार) ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक पश्चिमी चम्पारण के पदनाम से बेतिया में भुगतेय होगा।

(B) वित्तिय

1. भाड़े पर लिए जाने वाले वाहन का अधिकतम भाड़ा रू0 40,000.00 (चालीस हजार रूपये) मात्र से अधिक नहीं होना चाहिए जिसमें सभी करों एवं ड्राईवर का पारिश्रमिक, मरम्मति (Maintance) खर्च सहित 1200 किमी प्रतिमाह की दूरी चलने के साथ ईधन(Diesel/Petrol/lubricant) का भी खर्च सम्मिलित होगा। प्रतिमाह 1200 KM से अधिक की दूरी के परिचालन की स्थिती में केवल ईधन (Diesel/Petrol) व्यय अतिरिक्त देय होगा।

वित्तिय निविदा निम्नांकित प्रपत्र में देय हैः–

क्र0सं0	वाहन का प्रकार	प्रतिमाह 1200 कि0मी0 ईधन सहित
1	2	4

निविदा संबंधित विवरण निम्नवत हैः–

1. निविदा पुस्तिका वितरण की तिथि– निविदा प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक–14/09/2024 तक।
2. निविदा जमा रने की अंतिम तिथि– दिनांक–15/09/2024 के 05:00 बजे अपराहन तक।
3. क्रय समिति के समक्ष निविदा खोलने की तिथि–दिनांक–18/09/2024 के 12:30 बजे अपराहन में।

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक
पश्चिमी चम्पारण

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 007007 (Sci. & Tech.) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार